ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, 6ನೇ ಅಡ್ಡ ರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ,
ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, 6th CROSS, MALLESHWARAM, BANGALORE – 560 003**

ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ, ಫೆಬ್ರವರಿ 2022

# STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION, FEBRUARY 2022

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** Code No. : **61-H**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 25. 02. 2022 ] [ Date : 25. 02. 2022

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।



Downloaded from scoringtarget.com

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'विश्वास' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) विश्लेषण (B) विश्वसनीय

   (C) अविश्वास (D) भरोसा ।

2. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) श्रीमंत (B) श्रीपति

   (C) श्रीधाम (D) श्रीमती ।

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) केला (B) पुस्तकें

   (C) नौका (D) बच्चा ।

4. 'देखना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) देख (B) दिखाना

   (C) दिखावट (D) देना ।

5. 'सदैव' शब्द में संधि है –

   (A) वृद्धि (B) गुण

   (C) यण् (D) दीर्घ ।



Downloaded from scoringtarget.com

6. 'देश-विदेश' शब्द में समास है –

(A) द्विगु (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष ।

7. इंटरनेट का मतलब क्या है ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) उद्धरण (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम ।

8. बचेन्द्री .................. जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था ।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

(A) का (B) में

(C) से (D) पर ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : .......................

10. मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .......................

11. एवरेस्ट पर चढ़नेवाली पहली महिला : जुंके ताबी : : एवरेस्ट पर चढ़नेवाली पहली भारतीय महिला : .......................

12. बलभद्र : बलराम : : जसुमति : .....................



Downloaded from scoringtarget.com

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक प्रेमचन्द को दुकान पर क्या नज़र आया ?

14. ब्रीफकेस में क्या था ?

15. मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता और उतरता है ?

16. तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को कैसे होना चाहिए ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

18. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

19. अब्दुल कलाम का बचपन कैसे बीता ?

20. बाँध और जलाशयों की उपयोगिता के बारे में लिखिए ।

21. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

22. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?



Downloaded from scoringtarget.com

23. शनि का वायुमंडल कैसे बना है ?

**अथवा**

शनि का उपग्रह टाइटन के बारे में लिखिए ।

24. पाठ में लेखक ने सत्य का कैसा स्वरूप बताया है ?

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।

26. जैनुलाबदीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ?

28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ? विवरण दीजिए ।

29. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

30. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. 'समय बहुत अनमोल है' – इस कथन का समर्थन कीजिए ।



Downloaded from scoringtarget.com

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में चंदन के पेड़ अधिक मात्रा में हैं । इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं । इससे चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

पं० राजकिशोर मानवता के साकार मूर्ति थे । कैसे ? बताइए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ...........................................

.........................................................

.........................................................

........................................... भागो तुम ।



Downloaded from scoringtarget.com

**VII. 36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

वर्तमान समय में पर्यावरण-प्रदूषण जन-जीवन के लिए एक गंभीर समस्या है । आधुनिक भौतिक विज्ञान एवं विचारों के बढ़ते दुष्प्रभाव से हमारा सारा पर्यावरण दूषित ही नहीं, विषाक्त भी हो गया है । जीवन के लिए मुख्याधार प्राणवायु भी प्रदूषण के राजरोग से ग्रस्त हो रहा है, जिससे मनुष्य ही नहीं, प्राणिमात्र का भी अस्तित्व संकट में पड़ गया है । वृक्ष आवश्यक प्राणवायु ( आक्सीजन ) का संप्रसार करते हैं, दूसरे में वे पर्याप्त जलवृष्टि में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं ।

क) आज जन-जीवन की गंभीर समस्या कौन-सी है ?

ख) पर्यावरण विषाक्त कैसे हो रहा है ?

ग) प्राणिमात्र का अस्तित्व संकट में क्यों पड़ा है ?

घ) पर्यावरण-संरक्षण में वृक्ष कैसी भूमिका अदा करते हैं ?

**VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) विज्ञान का चमत्कार - इंटरनेट

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* इंटरनेट के उपयोग में सतर्कता
* उपसंहार ।



Downloaded from scoringtarget.com

ख) कर्नाटक - एक अनोखा राज्य

* विषय प्रवेश
* प्राकृतिक परिवेश
* ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल
* शिक्षा व विज्ञान के क्षेत्र में देन
* उपसंहार ।

ग) समाचार पत्र

* विषय प्रवेश
* समाचार पत्र का इतिहास
* समाचार पत्र के रूप व प्रकार
* समाचार पत्र का महत्व
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. कोई सकारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षिक प्रवास के लिए रुपये और अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।



Downloaded from scoringtarget.com